भाज

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष



श्रेयस अय्यर

क्राइस्टचर्च में दूसरा टी-20 आज



यामी गौतम

एक्टिंग पर भारी पड़ी कमजोर स्क्रिप्ट

पटना, शनिवार, २४ अक्तूबर, २०२६ सौर ६ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

शिक्षक सीटों पर बंपर वोटिंग स्नातक में ठंडा रहा उत्साह

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में 74.55% और स्नातक में 43.87% मतदान

सारण शिक्षक में सर्वाधिक 87.16%, कोसी स्नातक में 52.51% वोटिंग

पटना (आससे)। बिहार विधान परिषद की स्नातक और शिक्षक कोटे की आठ सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया। शिक्षक कोटे की सीटों पर मतदाताओं ने अधिक उत्साह दिखाया, जबकि स्नातक कोटे की सीटों पर मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा।

शिक्षक सीटों पर औसतन 74.55 प्रतिशत और स्नातक सीटों पर 43.87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अब सभी की निगाहें 27 अक्टूबर को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं।

शिक्षक कोटे की चार सीटों पर कुल 40,253 मतदाता थे। इनमें औसतन 74.55 प्रतिशत मतदान हुआ। सारण सीट पर सबसे अधिक 87.16 प्रतिशत वोट पड़े। दरभंगा में 79 प्रतिशत, तिरहुत में 78.19 प्रतिशत और पटना में 56.89 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इन चार सीटों पर कुल 60 प्रत्याशी मैदान में हैं। अधिक मतदान से प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के बीच जीत-हार को लेकर गुणा-गणित तेज हो गया है।



स्नातक कोटे की चार सीटों पर मतदान का औसत 43.87 प्रतिशत रहा। कुल 4,92,594 मतदाताओं वाली इन सीटों पर 90 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कोसी सीट पर सबसे अधिक 52.51 प्रतिशत मतदान हुआ। तिरहुत में 42.15 प्रतिशत, दरभंगा में 42 प्रतिशत और पटना में सबसे कम 36.19 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पटना स्नातक सीट इस बार राजनीतिक कारणों से भी चर्चा में रही।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के अनुसार, मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रहा। स्नातक कोटे की सीटों के लिए 598 और शिक्षक कोटे की सीटों के लिए 335 मतदान केंद्र बनाए गए थे। नियंत्रण कक्ष को कुल 13 शिकायतें मिलीं, जिनका निष्पादन कर दिया गया।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सीवान में पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट, आठ की मौत

एसपी ने की पांच के मौत की पुष्टि, थानाध्यक्ष और चौकीदार निलंबित

सीवान (आससे)। सीवान बिहार के सीवान जिले के आलमापुर गांव में पटाखा बनाते समय एक फैक्टरी में भीषण धमाका हुआ। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। धमाका इतना तेज था कि आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

शुरुआत में मिली जानकारी के अनुसार, इस घटना में अभी तक आठ लोगों की मौत की सूचना है। वहीं, कुछ घंटे बाद सीवान एसपी भरत सोनी ने पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। कई लोगों के घायल होने की भी आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि घटनास्थल के आसपास अभी-भी विस्फोट हो रहे हैं। लगातार धमाकों के कारण राहत व बचाव दलों को अंदर जाने में मुश्किल हो रही है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इलाके की घेराबंदी की जा रही है। पुलिस के जवान भीड़ को मौके से हटा रहे हैं।

देर रात लापरवाही को लेकर एसपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष और चौकीदार को निलंबित कर दिया गया है।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि करीब डेढ़ घंटे तक रुक-रुक कर ब्लास्ट होने से एक मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इस घटना में कई लोगों के शरीर के टुकड़े जहां-तहां बिखरे मिले हैं। धमाके रुकने के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। इस बीच क्षत-विक्षत शवों को देख लोगों की रूह कांप उठी। एक परिवार के मां, पिता और बेटी की मौत की बात सामने आ रही है। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई है। सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता और महाराजगंज एसडीपीओ अमन भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। बड़हरिया, जामो और गोरेयाकोठी सहित कई थानों की पुलिस भी मौके पर मौजूद है। थाना प्रभारी से बातचीत में बताया गया कि घटनास्थल पर राहत एवं बचाव अभियान जारी है। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और



(शेष पृष्ठ ९ पर)

चारा घोटाला केस में 25 साल से फरार आरोपित गिरफ्तार

पटना (आससे)। चारा घोटाला मामले में 25 साल से अधिक समय से फरार चल रहे घोषित अपराधी सत्येंद्र कुमार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने 22 अक्टूबर की रात उसे लखनऊ रेलवे स्टेशन से पकड़ा। आरोपी मध्य प्रदेश के गुना से ट्रेन के जरिए लखनऊ पहुंच रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर रांची ले जाया जा रहा है, जहां संबंधित अदालत में पेश किया जाएगा।

आरोप गठन के बाद से सत्येन्द्र कुमार था फरार

सीबीआई के मुताबिक, चारा घोटाला मामले में वर्ष 2001 में आरोपपत्र दाखिल होने के बाद सत्येंद्र कुमार फरार हो गया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत में पेश नहीं होने के कारण उसके खिलाफ गिरफ्तारी का स्थायी वारंट जारी किया गया था। इसके बाद से सीबीआई उसकी तलाश में जुटी थी।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सीबीआई लगातार भौतिक और तकनीकी निगरानी कर रही थी। इस दौरान खुफिया सूचनाओं के आधार पर उसकी लोकेशन नेपाल में ट्रेस हुई। हाल ही में उसके भारत लौटने की जानकारी मिली। इसके बाद सीबीआई ने विशेष खुफिया सूचना के आधार पर गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की। सीबीआई की विशेष टीम को ट्रेन के लखनऊ पहुंचने से पहले ही रेलवे स्टेशन पर तैनात कर दिया

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सरकारी स्कूलों में 6ठी कक्षा से अनिवार्य होगी कम्प्यूटर शिक्षा

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के सरकारी स्कूलों में अगले

- मॉडल स्कूलों में 31 मार्च के पहले तैयार होंगे स्मार्ट क्लास
- राजकीय संस्कृत विद्यालयों का होगा जीर्णोद्धार, नये भवन में स्थानांतरित होगा मदरसा बोर्ड
- प्रमंडल स्तर पर खुलने वाले गुरुकुलम विद्यापीठ का जल्द तैयार होगा खाका
- बापू सभागार में होगा बिहार दिवस का मुख्य समारोह शामिल होंगे कुमार विश्वास भी

शैक्षिक सत्र से छठी कक्षा से कम्प्यूटर शिक्षा अनिवार्य होगी। सभी सात सौ मॉडल स्कूलों में 31 मार्च के पहले स्मार्ट क्लास तैयार हो जायेंगे। राजकीय संस्कृत विद्यालयों का जीर्णोद्धार होगा। मदरसा बोर्ड के कार्यालय को भी जल्द नये भवन



में स्थानांतरित किया जायेगा। हर प्रमंडल में स्थापित होने वाले गुरुकुलम विद्यापीठ का खाका जल्द तैयार होगा। इस बार बिहार दिवस का मुख्य समारोह बापू सभागार में होगा। उसमें कुमार विश्वास को भी आमंत्रित किया जायेगा।

इससे संबंधित निर्देश शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी द्वारा शुक्रवार को समीक्षा बैठक में दिये गये हैं। शिक्षा विभाग के डॉ. मदन मोहन झा स्मृति सभागार में घंटों चली बैठक में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने तैयारी तेज कर दी है। अगले शैक्षणिक सत्र से छठी और उससे ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य करने की दिशा में काम चल रहा है। इससे पहले सभी शिक्षकों को एससीईआरटी में कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से कंप्यूटर शिक्षा दे सकें। अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी 700 सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूलों) में 31 मार्च से पहले स्मार्ट क्लास का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। जिन आदर्श विद्यालयों में अब तक चारदीवारी नहीं बनी है, वहां इसका निर्माण कराया जाए। उन्होंने केन्द्र से मिली राशि का सदुपयोग करते हुए विद्यालयों की जरूरी

(शेष पृष्ठ ९ पर)

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प

विदेश मंत्रालय ने चीन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन



के सैनिकों के बीच हुई झड़प को लेकर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) प्रमुख शत्रुजीत कपूर के बयान पर खड़े हुए विवाद पर विदेश मंत्रालय ने कोई सीधी टिप्पणी तो नहीं की लेकिन इतना जरूर कहा है कि कभी-कभी ऐसा हो जाता है और ये सब चीन की वजह से ही होता है। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बेतिया में दशहरा मेला देखने निकलीं 3 सहेलियां गायब

बेतिया (आससे)। बिहार के

मामला दर्ज बरामदगी के लिए पुलिस टीम गठित

बेतिया के मझौलिया में दशहरा मेला देखने निकलीं तीन सहेलियां अचानक



लापता हो गईं. तीनों लड़कियां 21 अक्टूबर को घर से मेला देखने के लिए निकली थीं, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटीं. काफी तलाश के बावजूद जब उनका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों की चिंता बढ़ गई. तीनों के एक साथ गायब होने से इलाके में भी हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मझौलिया थाना क्षेत्र की रहने वाली तीन सहेलियां 21 अक्टूबर को दशहरा मेला देखने के लिए घर से निकली थीं. परिजनों को उम्मीद थी कि मेला देखने के बाद वे वापस घर लौट आएंगी, लेकिन देर रात तक उनके नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की. आसपास और संभावित स्थानों पर खोजबीन के बावजूद तीनों का पता नहीं चल सका। लापता लड़कियों में मनीषा कुमारी, अंशु

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com

निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

रूस और यूक्रेन के बीच सीजफायर

मेलानिया ट्रंप ले रहीं सीजफायर कराने का क्रेडिट

वाशिंगटन (एजेंसी)। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले कई सालों से जारी खूनी जंग में जो काम बड़े-बड़े वैश्विक नेता और खुद डोनाल्ड ट्रंप नहीं कर सके, वह अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप ने कर दिखाया है। जहां डोनाल्ड ट्रंप बार-बार यह दावा करते रहे कि वे 24 घंटे के भीतर रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा सकते हैं, वहीं जमीन पर पहली बार दोनों देशों के हथियारों को शांत कराने का सेहरा मेलानिया ट्रंप के सिर बंधा है। मेलानिया ट्रंप की सीधी मध्यस्थता के बाद रूस और यूक्रेन दक्षिणी यूक्रेन के रणनीतिक शहर ओलेशकी में सैन्य कार्रवाई अस्थायी रूप से रोकने पर सहमत हो गए हैं. व्हाइट हाउस की आधिकारिक पुष्टि के अनुसार यह ऐतिहासिक सीजफायर 29 अक्टूबर 2026 से प्रभावी होगा. इस समझौते का मुख्य उद्देश्य फ्रंटलाइन पर फंसे निर्दोष नागरिकों तक जीवनरक्षक मानवीय सहायता पहुंचाना और उन्हें सुरक्षित निकालना है। ट्रंप हमेशा से यह कहते रहे हैं कि उनके पास रूस-यूक्रेन युद्ध को



(शेष पृष्ठ ९ पर)

यूएन में भारत ने पाक को फिर धोया

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने आतंकवाद को समर्थन देने और धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दे पर पाकिस्तान को जमकर घेरा है। भारत



ने संयुक्त राष्ट्र के प्रवासियों के मानवाधिकारों पर विशेष प्रतिवेदक की रिपोर्ट पर भी सवाल उठाए। भारत की ओर से प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने रिपोर्ट की कार्यप्रणाली पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इसमें कोविड-19 महामारी के दौरान हुई गलत प्रथाओं के लिए केवल ग्लोबल साउथ के देशों को जिम्मेदार ठहराया गया है, जबकि विकसित देशों में हुई ऐसी ही घटनाओं को नजरअंदाज किया गया है।

संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन के दौरान भाविका मंगलानंदन ने पाकिस्तान में आतंकवादियों की गतिविधियों और उनके अंतिम संस्कार को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आतंकवादी केवल निर्दोष लोगों की जान नहीं लेते, बल्कि पूरे देश की मानसिकता और मनोबल को भी

(शेष पृष्ठ ९ पर)



जियो के आईपीओ में बने बड़े रिकॉर्ड

मुंबई। भारतीय पूंजी बाजार के इतिहास में नया कीर्तिमान रचते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज समर्थित डिजिटल सेवा कंपनी जिओ प्लेटफॉर्म्स का 30,213 करोड़ का शुरुआती सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार को रिकॉर्ड 22.19 गुना ओवरसब्सक्राइब होकर बंद हुआ। एंकर निवेशकों और पब्लिक इश्यू को मिलाकर कंपनी को कुल 7.4 लाख करोड़ से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं। इसके साथ ही इस आईपीओ को कुल 1.39 करोड़ आवेदन मिले, जिसने भारतीय प्राथमिक शेयर बाजार में आवेदनों की संख्या का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड कायम कर दिया है। जियो आईपीओ को निवेशकों की ओर से बंपर रिस्पॉन्स मिला है और इसके अंतिम सब्सक्रिप्शन आंकड़े बेहद शानदार रहे हैं। कुल मिलाकर यह इश्यू 22.19 गुना सब्सक्राइब होकर बंद हुआ है। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई, जिनका कोटा रिकॉर्ड 70.55 गुना भर गया। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 14.00 गुना और रिटेल इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 2.72 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसके अलावा, आरक्षित कोटे में भी अच्छी मांग रही, जहां शेयरधारकों ने 7.60 गुना और कर्मचारियों ने 2.93 गुना बोलियां लगाईं। 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक खुले इस आईपीओ ने पहले ही दिन से निवेशकों को आकर्षित किया। इश्यू के पहले दिन बुधवार को मात्र 100 मिनट के भीतर यह पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया था,



जो भारत में इतने बड़े आकार के आईपीओ के लिए सबसे तेज गति है। इस आईपीओ को मिले 1.39 करोड़ आवेदनों ने सोलर उपकरण निर्माता कंपनी वारी एनर्जीज द्वारा बनाए गए 97.34 लाख आवेदनों के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। सार्वजनिक पेशकश से पहले 19 अक्टूबर को जियो प्लेटफॉर्म्स ने 212 एंकर निवेशकों से 1,119 प्रति शेयर की ऊपरी मूल्य सीमा पर 8,110 करोड़ जुटाए थे। एंकर बुक में आवंटन से 30 गुना से अधिक यानी 2.5 लाख करोड़ से अधिक की रिकॉर्ड बोलियां प्राप्त हुई थीं। एंकर निवेशकों में दुनिया के शीर्ष एसेट मैनेजर्स और सॉवरेन वेल्थ फंड्स

(शेष पृष्ठ ९ पर)

जॉर्डन में चर्च पर फायरिंग सात की मौत, 34 घायल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। जॉर्डन में एक चर्च से दुखद घटना सामने आई है। यहां अंतिम संस्कार में शामिल होने



के लिए पहुंचे लोगों के ऊपर तीन बंदूकधारियों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस घटना में सात लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 34 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने अभी तक हमलावरों की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। उनकी तरफ से कहा गया है कि यह हमला अज्ञात हमलावरों द्वारा किया गया था। रिपोर्ट के

(शेष पृष्ठ ९ पर)